Australian Government

बहु-साँस्कृतिक फ्रेमवर्क समीक्षा

बहु-साँस्कृतिक फ्रेमवर्क समीक्षा की प्रस्तुति

ऑस्ट्रेलियाई सरकार को बहु-साँस्कृतिक फ्रेमवर्क समीक्षा रिपोर्ट जारी करके प्रसन्नता हुई है।

इस समीक्षा में ऑस्ट्रेलिया के बहु-साँस्कृतिक समाज की स्थिति की जाँच-पड़ताल की गई है, और क़ानून, नीतियों और उन संस्थात्मक व्यवस्थाओं में बदलाव की सिफारिश की गई है जो इसकी बहु-साँस्कृतिक समाज की ताकतों को बढ़ाते हैं और इसे समकालीन चुनौतियों का जवाब देने में सक्षम बनाते हैं।

यह समीक्षा ऑस्ट्रेलिया के तीन प्रमुख नागरिकों - डॉक्टर बलेंट हास्स डेलाल (Dr Bulent Hass Dellal) AO, मिस न्यादोल न्यूओन (Ms Nyadol Nyuon) OAM और मिस क्रिस्टीन कास्टली (Ms Christine Castley) - द्वारा की गई थी। इस समीक्षा दल को एक जानकारी प्राप्त और प्रासंगिक संदर्भ समूह द्वारा सहयोग दिया गया था: श्री ओस्मोन्ड चियु (Mr Osmond Chiu); मिस स्वाति दवे (Ms Swati Dave); मिस राना एब्राहिमी (Ms Rana Ebrahimi); श्री बाचर हॉलि (har Houli);, श्री जॉन कामारा (Mr John Kamara); मिस पैमेला लेवाचि (Ms Premila Levaci); और श्री मोहम्मद अल-ख़ाफाजि (Mr Mohammad Al-Khafaji)।

सरकार द्वारा इस समीक्षा के बारे में जानकारी प्रकाशित की गई थी और 33 भाषाओं में टैक्स्ट मैसेजों द्वारा और 35 भाषाओं में ऑडियो प्रारूप में सुझाव जमा करवाने का आमंत्रण दिया गया था। समीक्षा दल को 796 सुझाव प्राप्त हुए थे, जिनमें से 126 अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाओं में थे, जिनका बाद में उनकी सोच के बारे में जानकारी के लिए, अनुवाद किया गया था। इसमें 4 से 24 वर्ष तक के, छोटी आयु वाले लोगों को भी, हमारे बहु-साँस्कृतिक समाज के, उनके अनुभवों और विचारों को तस्वीरों में व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया था। उनके 103 चित्रों को https://www.homeaffairs.gov.au/about-us/our-portfolios/multicultural-framework-review/online-art-exhibition पर देखा जा सकता है।

हमारे बहु-साँस्कृतिक समाज की कहानी को कायम रखना

कम से कम 65,000 सालों से, एबोरीजनल और टोरस स्ट्रेट आईलैंडर लोगों ने इस महाद्वीप में बहुत सी सँस्कृतियों को कायम रखा है। उन्होंने औपनिवेशीकरण के समय से, उन्हें जड़ से नष्ट करने के व्यवस्थित और कभी-कभी हिंसक प्रयासों का विरोध किया है। प्रथम राष्ट्रों के इतिहास और सँस्कृतियों को ज़्यादा समझने और उनका उत्सव मनाने से सफल बहु-साँस्कृतिकता की शुरुआत होती है।

हालांकि ऑस्ट्रेलियाई महाद्वीप में माइग्रेशन 1788 से शुरु हो गया था, 1945 से, ऑस्ट्रेलिया ने 7.5 मिलियन माइग्रेंट्स का स्वागत किया है, जिनमें 950,000 से भी ज़्यादा शरणार्थी और मानवीय आवश्यकताओं वाले लोग शामिल हैं। ये गहन किंतु शांतिपूर्ण परिवर्तन राष्ट्रीय ताकत और गर्व का एक स्रोत हैं।

समीक्षा के मुख्य निष्कर्ष

समीक्षा दल ने 1430 से भी अधिक व्यक्तियों और 750 से भी अधिक संगठनों से परामर्श करने के लिए ऑस्ट्रेलिया भर की यात्रा की थी। दल को मिली बहुत सी गहन जानकरियों में, दल को निम्नांकित बातों का भी पता लगा:

- हालांकि भेदभाव को रोकने, समान अवसरों को बढ़ावा देने और सुदृढ़ सार्वजनिक सेवाओं तक पहुँच प्रदान करने के लिए सरकार को क़ानून और नीति की स्थापना करना ज़रूरी है, हमारे बहु-साँस्कृतिक समाज को कायम रखना ऑस्ट्रेलिया को घर कहने वाले सभी लोगों की साझा ज़िम्मेदारी है।
- क्षेत्रीय (रीजनल) समुदायों में साँस्कृति विविधता बढ़ रही है और ये समुदाय बहु-साँस्कृतिकता की कहानी का एक महत्वपूर्ण अंश हैं।
- ऑस्ट्रेलियाई लोगों के विविधता से युक्त जीवन को आकार देने में कई कारकों का योगदान है। सरकार को नीतियाँ बनाते समय, भेदभाव के परस्पर विरोधी स्वरूपों पर अवश्य ध्यान देना होगा।
- नीति-निर्माण पर विचार-विमर्श करते समय छोटी आयु वाले, उन लोगों को केन्द्र में रखना होगा जो ऑस्ट्रेलिया के बहु-साँस्कृतिक भविष्य को निर्धारित करेंगे।

समीक्षा दल की 29 सिफारिशें, इस समीक्षा के तीन मुख्य सिद्धांतो से सामने आई हैं:

- **संबंध** – नेतृत्व, योजना, और सरकार और समुदायों के सभी स्तरों के बीच जवाबदेही के माध्यम से बहु-साँस्कृतिक ऑस्ट्रेलिया की नीवें रखना।
- **पहचान और अपनापन** – अंग्रेज़ी भाषा के लिए कार्यक्रमों, नागरिकता नीति, और कला, सँस्कृति, खेल-कूद, और मीडिया में भागीदारी के माध्यम से एक मैत्रीपूर्ण ऑस्ट्रेलिया की रचना करना।
- **समावेशन** – सरकारी सेवाओं में साँस्कृतिक क्षमता बढ़ाना, अनुदान कार्यक्रमों को ज़रूरत के अनुसार तैयार करना, डिजिटल समावेशन और एक सुदृढ़ भाषाई सेवा क्षेत्र सुनिश्चित करना, और क्षेत्रीय रीजनल एरिया में छोटी आयु वाले लोगों की विशेष ज़रूरतों को पूरा करना।

ऑस्ट्रेलियाई बहु-साँस्कृतिकता की ये अब तक की सबसे ठोस और विचार-पूर्ण समीक्षा है। ऑस्ट्रेलिया की बहु-साँस्कृतिक व्यवस्थाएँ, सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाएँ, यह सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को जबकि हम मज़बूत बना रहे हैं, सरकार इस फ्रेमवर्क के सिद्धांतो के प्रति वचनबद्ध है और इनसे मार्गदर्शन प्राप्त करेगी।